फास्ट फारवर्ड

चोरी की सामग्री के साथ दो चोर गिरफ्तार

छत्रपुर. छत्रपुर मेडिकल के निकट कार्तिक स्टूडियो में दरवाजा तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. इस बारे में छत्रपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है. शिकायत के आधार पर पुलिस की सांइटिफिक टीम व खोजी कुत्तो की मदद से मामले की जांच पड़ताल की जा रही है. जानकारी के अनुसार चोरी सामग्री को गंजाम शहर में एक दुकान में बिक्री करते वक्त कुछ युवक इसकी जानकारी छत्रपुर पुलिस को दिए. फोरम पुलिस मौके पर पहुंची और दो युवक को गिरफ्तार कर लिया. इन चोरों से सूचना संग्रह कर पुलिस विभिन्न चोरी सामग्री जब्त करने में सफल हुई. इस मामले में और दो युवकों के शामिल होने की पुलिस को सूचना मिली है.

शिक्षा हो जीवन का मूल लक्ष्य : प्रसाद

भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान का दीक्षांत समारोह, विद्यार्थियों को मिली डिग्री सर्टिफिकेट व उपाधि

■ संवाददाता। जटनी.

राष्ट्रीय मान्यता बोर्ड (नेशनल बोर्ड ऑफ) के अध्यक्ष तथा नई दिल्ली स्थित भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि विद्यार्थियों को अपने विज्ञान और कौशल के तहत खुद और देश के विकास में काम करना चाहिए. अरगुल स्थित आईआईटी भुवनेश्वर के पांचवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रसाद ने कहा कि शिक्षा जीवन का मूल लक्ष्य होना चाहिए. दीक्षांत समारोह के अवसर पर 241 छात्र-छात्राओं को डिग्री सर्टिफिकेट, सात छात्रों को डाक्टरेट उपाधि और 110 छात्र-छात्राओं को बीटेक डिग्री सर्टिफिकेट दिया गया. बीटेक डिग्री में सर्वाधिक नंबर लाने वाले स्कूल ऑफ इलेक्ट्रीकल्स साइंस के छात्र प्रीतम डे को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया. इसी तरह एमटेक में सर्वाधिक नंबर लाने वाली स्कूल ऑफ आर्थ ओसेन एंड क्लाइमेट साइंसेस की छात्रा शुभश्री सुबुदि्ध और एमएससी में सर्वाधिक नंबर रखने वाली श्वेता सिंह को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया.

आईआईटी भुवनेस्वर बोर्ड ऑफ गवनर्स के अध्यक्ष पंकज रमणबाई पटेल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में आयोजित समारोह में बीटेक में सर्वाधिक नंबर लाने वाले छात्र प्रणय गौर, प्रियम डे, बडे पुटी रेवनाथ को रजत पदक से सम्मानित किया गया. एमटेक के शुभज्योति राय, दीपांजली डे, प्रियंका डे, पंकज दिलीप, शुभश्री सुबुदि्ध और अंशुमान च्याउपटनायक को पुरस्कृत किए गए. एमएसी में सर्वाधीक नंबर लाने वाली श्वेता सिंह, सीमा पारेख, उर्मी घोष, दीक्षा तिवारी, बसुंधरा घोष को भी रजत पद से सम्मानित किए गए. समारोह में आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर रत्नम बरदा राजकुमार भी मंचासीन थे.